


## भैरवगढ़ में तीन दिवसीय बाटिक और ब्लॉक प्रिंटिंग प्रशिक्षण का समापन

- 25 महिलाओं ने लिया भाग, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया गया प्रेरित
- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के पायलट प्रोजेक्ट के तहत लिटिल एनर्जी शिक्षण समिति ने किया आयोजन

**उज्जैन। दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के पायलट प्रोजेक्ट के तहत भैरवगढ़ स्थित पाकीजा कॉलोनी में तीन दिवसीय बाटिक और ब्लॉक प्रिंटिंग प्रशिक्षण का 17 मार्च को समापन हुआ। लिटिल एनर्जी शिक्षण समिति उज्जैन द्वारा आयोजित इस सेक्टोरल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 महिलाओं ने भाग लिया।**





### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया मार्गदर्शन

समापन अवसर पर शिक्षा अधिकारी जगदीप सिंह ने महिलाओं को प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए आभा कार्ड, ई-श्रम कार्ड और प्रमाण पत्र की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्रीय वार्ड पार्षद निकिता परमानन्द मालवीय ने कार्यक्रम की सराहना की तथा महिलाओं को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### समूह में कार्य कर आत्मनिर्भर बनने की सलाह

संस्था की अध्यक्ष किरण सिसोदिया ने महिलाओं को इस प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनर सुनिता मेवाड़ा ने महिलाओं को आगे आकर समूह में कार्य करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को कपड़े पर ब्लॉक रखने की सही विधि बताई और रंग करते समय सुरक्षा के लिए हाथों में ग्लव्स पहनने जैसी सावधानियां भी सिखाई। कार्यक्रम में महिलाओं को समूह से जोड़ने का कार्य चंदा विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संतोष सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## महाविद्यालय के छात्र नागेश्वर ने बढ़ाया गौरव



**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के बीए तृतीय वर्ष के छात्र नागेश्वर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। यह सात दिवसीय शिविर 8 से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट स्थित दीनदयाल शोध संस्थान उद्यमिता परिसर, विकासखंड मंझगवा, जिला सतना में आयोजित किया गया था।

शिविर में प्रदेशभर से आए स्वयंसेवकों के साथ नागेश्वर ने विभिन्न नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक सेवा से जुड़े प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया और महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। शिविर पूर्ण कर महाविद्यालय लौटने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना सहित समस्त स्टाफ द्वारा छात्र का स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह ने छात्र नागेश्वर की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## एक नजर में

### नरवाई नहीं जलाएं-भूसा गोशाला में दान करें

**महिदपुर।** विकासखंड महिदपुर के पशुपालक विभाग के पशुचिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. अरविंद मेथनिया द्वारा विकासखंड महिदपुर के कृषकों से यह विनम्र अपील की गई हे कि गेहूं फसल कटाई के उपरांत नरवाई नहीं जलाएं एवम जो भूसा तैयार हो उसे समीप की गोशाला में दान कर गौसेवा का लाभ लें। क्योंकि नरवाई जलाने से खेत की उपजाऊ क्षमता कम होती है एवम पर्यावरण को भी नुकसान होता है। जैसे प्रदूषण, वायु की गुणवत्ता में खराबी, ग्लोबल वार्मिंग, इंसानों व पशुओं में श्वसन संबंधित परेशानी, पशुओं में दुग्ध उत्पादन की कमी आती है।

### मिला प्रथम स्थान, हुआ भव्य अभिनंदन

**उज्जैन।** राष्ट्रीय सेवा योजना के मध्यप्रदेश राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 से 14 मार्च तक चित्रकूट में किया गया। विश्वविद्यालय के रासेयो समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार ने बताया कि इस राज्यस्तरीय शिविर में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन परिक्षेत्र के स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। शिविर में आयोजित सामूहिक लोकगायन प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि इस दल में संस्कृत महाविद्यालय के शास्त्री तृतीय वर्ष के छात्र एवं रासेयो स्वयंसेवक हिमांशु मनीष परसाई ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर से लौटकर आने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा हिमांशु का भव्य अभिनंदन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शर्मा ने की। इस अवसर पर डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने विद्यार्थियों से रासेयो से जुड़कर राष्ट्रसेवा करने की बात कही।

### गणगौर फूलपाती का हुआ आयोजन



**उज्जैन।** नागेश्वर धाम कॉलोनी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रगति महिला मंडल एवं मैत्री मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गणगौर फूलपाती का पारंपरिक आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर प्रगति महिला मंडल और मैत्री मंडल की सभी नारी शक्तियों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। महिलाओं ने शपथ ली कि वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा जागरूक रहेंगी तथा बाजार जाते समय प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े की थैली का उपयोग करेंगी। इस संकल्प के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गणगौर माता की पूजा-अर्चना की और एकता, सौहार्द एवं सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया। आयोजन में प्रगति महिला मंडल की ओर से अंजना अहिरवार एवं तुलसी पांचाल तथा मैत्री मंडल की ओर से मनीला बांग सहित नागेश्वर धाम की मातृशक्ति की सभी महिला सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिलाओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता का संदेश देना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना रहा।

### शब्द सगीत कार्यक्रम में कविता और संगीत का अनूठा संगम

**इंदौर.** म्यूजिकल पोएट्री शो शब्द संगीत कार्यक्रम ने साहित्य और संगीत प्रेमियों को एक अलग ही अनुभव से रूबरू कराया. कार्यक्रम में शब्दों और सुरों का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित दर्शकों को शुरुआत से अंत तक बांधे रखा. इस म्यूजिकल पोएट्री शो का आयोजन इंदौर में अलाप स्टूडियो में किया गया था, जहां साहित्य और संगीत प्रेमियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही. मंच पर जैसे ही प्रभात पंचोली ने अपनी रचनाएं सुनाना शुरू किया, सृष्टि पाटीदार के हैंडपैन की धुनों से उन शब्दों को एक अलग ही गहराई दे दी. कविता, ग़ज़ल, कहानी और संगीत का यह संयोजन दर्शकों के लिए एक नया और यादगार अनुभव साबित हुआ. प्रभात पंचोली की प्रस्तुतियों में बालपन के प्रेम का अहसास, सामाजिक संवेदनाओं, मानवीय भावनाओं और जीवन के अनुभवों की झलक दिखाई दी. वहीं सृष्टि पाटीदार के हैंडपैन से निकलती मधुर धुनों ने हर रचना के भाव को और प्रभावी बना दिया. इस अनूठे प्रयोग ने इस क्षेत्र को एक नई दिशा दी है. जो अर्थपूर्ण भी है और रचनात्मक भी है. दर्शकों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान कलाकारों की प्रस्तुति को खूब सराहा और कई बार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया. म्यूजिकल पोएट्री शो के अंत में सभी ने इस तरह के और आयोजनों की उम्मीद जताई.

### बंगाली चौराहा क्षेत्र में साईं बाबा की पालकी का घर-घर पूजन

**इंदौर.** बंगाली चौराहा स्थित प्रीति नगर, सूरज नगर, देवपुरी, कैलाशपुरी, काशी नगर एवं आसपास की कॉलोनियों में सोमवार को सुबह भक्ति, भावना और श्रद्धा से भरपूर माहौल देखने को मिला जब केन्द्रीय साईं सेवा समिति के तत्वावधान में साईं बाबा की पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी पहुंची. शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े श्रद्धालु पिछले 13 दिनों से प्रतिदिन सुबह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साईं बाबा की पालकी और प्रभात फेरी निकालकर बाबा की भक्ति का अलख जगा रहे हैं. सोमवार को साईं भक्त मोहन पालीवाल के प्रीति नगर स्थित निवास पर सैकड़ों साईं भक्तों ने बाबा की पालकी का अभिषेक पूजन कर इस भव्य यात्रा का शुभारंभ किया तो समूचा क्षेत्र बाबा के जयघोष से गूंज उठा. श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, मोहन पालीवाल एवं पार्षद प्रणव मंडल ने बताया कि बंगाली चौराहा क्षेत्र में शायद ही कोई घर ऐसा बचा होगा जहाँ रंगोली, दीपों और पताकाओं से श्रृंगार नहीं किया गया हो. भजन गायक प्रदीप परमार और अक्षत शर्मा के भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच क्षेत्र के पार्षद प्रणव मंडल, अनिल गावडे, आलोक खादीवाला, समीर जोशी, मोहन पहलवान, दिलीप ठाकुर, आनंद गावडे, सुधीर जायसवाल, विनय महेश बोरसी, राजीव सूरी, संजय शर्मा आदि ने भोलेनाथ और राधा कृष्ण के श्रृंगार में सजकर आए कलाकारों के साथ नाचते-गाते हुए अपनी खुशियाँ व्यक्त की.

## चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर निकलेगा विशाल धर्म ध्वज चल समारोह

- विक्रमादित्य टीले पर फहराएगी सबसे ऊंची ध्वजा

**उज्जैन।** श्री करपात्री कल्याण आश्रम बड़वाह एवं विक्रमादित्य नवसंवत् धर्म ध्वजा समिति के तत्वावधान में 19 मार्च को चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में विशाल धर्म ध्वज चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह चल समारोह प्रातः 8.30 बजे छत्री चौक से प्रारंभ होकर पटनी बाजार, चौबीस खंबा और हरसिध्दि की पाल होते हुए रूद्रसागर स्थित विक्रमादित्य टीले पर संपन्न होगा। समापन के पश्चात टीले पर सबसे लंबी और ऊंची धर्म ध्वजा फहराई जाएगी।

**संतों के सान्निध्य में निकलेगी भव्य यात्रा:** 51 फीट लंबी ध्वजा के साथ निकलने वाले इस चल समारोह की अगुवाई मुख्य अतिथि वाल्मीकिधाम के पीठाधीश्वर बाल योगी उमेश नाथ महाराज करेंगे। कार्यक्रम में गुरु मां डॉ. कल्याणी चैतन्य के शिष्य एवं करपात्री कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सच्चिदानंद महाराज द्वारा पधारे हुए प्रमुख संतों का सम्मान किया जाएगा।

समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर भागवतानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज, स्वामी अवधेशपुरी महाराज, महामंडलेश्वर प्रेमानंद गिरी महाराज, महंत मनीष दास गिरी एवं पं. गिरिश शर्मा गुरूजी सहित कई संत-महात्मा और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। संतों की उपस्थिति में ही पारंपरिक रूप से धर्म ध्वजा बदली जाएगी।

### धर्म प्रेमियों से सहभागिता की अपील

समिति के मुख्य आयोजक फूलचंद जरिया, श्याम जायसवाल, महेश तिलक, किरण कांत मेहता, डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, देवेन्द्र राय, धर्मेन्द्र राठौर, योगेश साद, पंकज सोलंकी, गोपाल बागरवाल, घनश्याम चौधरी, महेंद्र कटियार, बुलबुल जायसवाल, जानू माली, मनोज ठाकुर, शारदा विशेन, लक्ष्मी लश्करी, पिंकी यादव, दुर्गा यादव, कविता राय और गीता यादव ने सभी धर्मानुरागी भक्तों, सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर विक्रम संवत 2083 का स्वागत धूमधाम से करने का अनुरोध किया है।

### सिंहस्थ की पेशवाई जैसा होगा स्वरूप

संस्था ने इस चल समारोह को सिंहस्थ महापर्व में निकलने वाली पेशवाई जैसा भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया है। आयोजन में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, बटुक ब्राह्मण, शंख ध्वनी, बैंड, महिला भजन मंडली, इस्कॉन मंदिर की कीर्तन मंडली और गतका पार्टी शामिल होंगे। विशाल धर्म ध्वजा इस पूरे आयोजन में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।




## पांचाल समाज मां शक्ति महिला मंडल ने फूलपाती का किया आयोजन

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित गायत्री मंदिर पर मां शक्ति महिला मंडल समूह द्वारा फूलपती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए पूरा आयोजन को श्रद्धा और उमंग के साथ संपन्न किया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर फूल पत्र यात्रा निकाली। इस दौरान महिलाओं ने दूल्हा दुल्हन का रूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुति दी। ढोल नगाड़े और भजन कीर्तन के साथ वातावरण पूरी तरह भक्ति में हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्यामा बेन, शांति बहन प्रेमलता बहन, शोभा बहन रचना बहन, वर्षा बहन, सरिता बहन, पिंकी बहन, वंदना बहन, अन्य सभी महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एक ता और परंपराओं को मजबूत करते हैं।

## हरि गुरु चांद मतुआ का 215 वां जन्मोत्सव सेवाश्रम पर मनाया

**उज्जैन।** सदावल रोड स्थित श्री श्री हरि गुरु चांद मतुआ सेवाश्रम पर मंगलवार को देशभर से उज्जैन आए हज़ारों बंगाली समाज परिवारों ने अपने आराध्य देव पूर्ण ब्रह्म हरिचांद ठाकुर का 215 वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया और पूरे समाज ने बैंड बाजों के साथ एक विशाल शोभा यात्रा निकलकर रामघाट पर मां शिप्रा की पूजन अर्चना की।

श्री हरि गुरु मतुआ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष विश्वजीत मंडल ने जानकारी देते हुए बताया की पिछ्ले चार वर्षों से समिति के बैनर तले बंगाली समाज उज्जैन मे तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, जिसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, उड़ीसा बंगाल उत्तर प्रदेश सहित देशभर से हजारों की संख्या में बंगाली समाज के लोग अपने आराध्य देव के जन्मोत्सव पर उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। आपने बताया कि सिंहस्थ 2028 के पहले सदावल पर बंगाली समाज अपने आराध्य देव का एक विशाल मंदिर का काम अगले महीने अप्रेल 2026 से शुरू होगा जिसकी ऊंचाई 51 फ़ीट से ज्यादा होगी। धर्मशाला, भजन कीर्तन हाल और देशभर से आने वाले बंगाली समाज के लोगों के लिए बेहतर सुविधा वाला सेवाश्रम भी बनाया जायेगा। वहीं सदावल रोड स्थित सेवाश्रम से मंगलवार दोपहर को अपने गुरु की पूजा अर्चना के बाद एक विशाल शोभा यात्रा निकाली। जो शंकराचार्य चौराहे होते हुए शिप्रा तट स्थित रामघाट पहुंची। जहां पर समाजजनों ने मां शिप्रा का पूजन कर स्नान किया एवं समाज के आराध्य देव गुरु श्री श्री हरि-चांद ठाकुर ने देश की आजादी से पहले अविभाजित बंगाल में उत्पीड़ित समाज के दबे कुचले और बुनियादी सुविधाओं से वंचित लोगों की भलाई के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। समिति सचिव मिंटू कुमार विश्वास, कोषाध्यक्ष संजय सरकार और अन्य पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में बंगाली समाज के लोग अपने गुरु के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।



## चौपाल सागर में तीन दिवसीय महोत्सव का समापन




- बच्चों व महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**नागदा।** 15 मार्च को चौपाल सागर में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का भव्य समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। समापन अवसर पर भाजपा अध्यक्ष राजेश धाकड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। महोत्सव के अंतिम दिन विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के लिए सलाद प्रतियोगिता, बच्चों के लिए डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रहे। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शाम के समय संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सोनी जी एवं अन्य संगीतकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर राजेश धाकड़ द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईटीसी मैनेजर दीपक उपाध्याय सहित आईटीसी परिवार के महेश झांवर, राहुल अहिरवार, श्रीकांत महाजन, अनुपम श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अंत में आईटीसी परिवार द्वारा सभी किसान भाइयों, महिलाओं, बच्चों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**एक नजर** — भोलेनाथ के भजनों के साथ सिंधी गानों पर दी शानदार प्रस्तुति

## मुंबई के मोहित लालवानी के सिंधी भजनों पर झूमा समाज

**उज्जैन। पूज्य सिंधी साहिती पंचायत और राष्ट्रीय सिंधी मंच के संयुक्त तत्वावधान में चेटीचंड महापर्व की शुरुआत ऐतिहासिक और भव्य तरीके से हुई। मुख्य अतिथि नारायण यादव की उपस्थिति में तीन दिवसीय इस धार्मिक उत्सव का शुभारंभ भगवान वरुण देवता झूलेलाल के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।**

दीपक बेलानी ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक महेश परयानी के नेतृत्व में चेटीचंड महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत में मुंबई के विश्व विख्यात सिंगर मोहित लालवानी ने सिंधी भजनों, भोलेनाथ के भजनों और सिंधी गानों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर पूरा समाज झूम उठा। वहीं सिंधी युवा-युवतियों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने के लिए मुंबई की कलाकार पूजा मोटवानी द्वारा सिंधी पारंपरिक परिधानों और अजरक पर आधारित एक विशेष फैशन शो प्रस्तुत किया गया। उज्जैन सिंधी समाज के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। आयोजन में समाज के वरिष्ठ प्रताप रोहरा, ओम प्रकाश आहूजा, चंदीराम जेठवानी, वासुदेव खत्री, मोहन वासवानी, दौलत खेमचंदानी, रमेश सामदानी, सुनील खत्री, जवाहर जयसिंघानी, पुरुषोत्तम रामसिंघानी, नरेश धनवानी, महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, डॉ. जितेंद्र जेठवानी, ईश्वर पटेल, विशाल चन्दनानी, ललित लुल्ला, विनोद लुल्ला, रवि डोडानी, राजकुमार मेघनानी, राजू दरयानी, किशोर मुलानी, कमल शाहलानी, गोपाल राचवानी, नरेंद्र सबनानी, मूलचंद वाधवानी, जयकिशन कृपलानी, लोकेश आडवाणी, कपिल बासानी, गोपाल बलवानी, अजय अरोरा, दीपक राजवानी, ईश्वरचंद्र चंचलानी और महेश कुकरेजा सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**युवाओं ने निभाई सक्रिय भागीदारी:** आयोजन को सफल बनाने में युवा वर्ग का भी अहम योगदान रहा। इनमें सौरभ बेलानी, किशोर मुलानी, कपिल बासानी, हरीश टेकवानी, भरत दरमदासानी, बंटू बेलानी, शशांक बेलानी, गोपाल रोचवानी, विनोद लुल्ला, ललित थावानी, सुनील नवलानी और अशोक चावला ने सक्रिय भूमिका निभाई।



### मातृशक्ति ने भी दिखाई एकजुटता

कार्यक्रम की सफलता के लिए मातृशक्ति की भी सक्रिय भागीदारी रही। उत्सव में पुष्पा कोटवानी, सुशीला परयानी, हर्षिता धनवानी, मोना चावला, वर्षा आडवाणी, सोनिया नाथानी, अनीता रूपचंदानी, गोपी राजवानी, मौसमी रोचवानी, नीलम खत्री, स्वाति गजरानी, ज्योति थानी, जया सिरवानी, रितु केसवानी, पलक वाधवानी, अनीता राजवानी, कंचन केशवानी, माया मुलानी और तुलसी राजवानी उपस्थित रहीं।